(x) Need to expedite construction of power sub-station at Forbesganj, Bihar

श्री सुकदेव पासवान (अररिया) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र अररिया में पॉवर ग्रिड द्‌वारा फारबीसगंज में 133 के.वी.ए का सब स्टेशन का कार्य प्रारंभ हो चुका है। परियोजना अनुसार यह कार्य 18 महीनों में पूरा होना किंतु कार्य की प्रगति को देखते हुए लगता है कि यह अगले 2-3 सालों में भी पूरा नहीं हो पायेगा। मेरे क्षेत्र के लिए यह एक अति महत्वपूर्ण परियोजना है। इसका कार्य पूरा होने से यहां बिजली की आधारभूत सुविधा में काफी सुधार होगा।

मैं इस सदन के माध्यम से माननीय विद्‌युत मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करता हूं कि कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराने की कृपा की जाये।